तापमान

अधिकतम .27 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 24 जनवरी 2026

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]



2

कालेज तक बनेगा चमचमाती सड़क, वित्त मंत्री ने दी स्वीकृति




## खबर संक्षेप

### नशीले कैप्सूल सप्लाई करने वाले गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने क्षेत्र में प्रतिबंधित दवाओं को नशे के रूप में युवाओं तक पहुंचाने वाले एक सप्लायर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी से 288 प्रतिबंधित कैप्सूल और बाइक को भी जब्त किया गया है। तमनार थाना क्षेत्र में अवैध तरीके से प्रतिबंधित दवाओं की आपूर्ति हो रही है। पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक बिना नंबर की बाइक से अवैध नशीली कैप्सूल बिक्री के लिए लैलूंगा की ओर से मिलूपारा तरफ आ रहा है। पुलिस टीम गठित कर मिलूपारा-कोड़केल मार्ग के पास घेराबंदी की गई। कुछ समय एक बाइक सवार युवक को रोका गया। पूछताछ में उसने अपना नाम निलमणी गुप्ता पिता स्व. प्रेमलाल गुप्ता 30 वर्ष निवासी बिजना थाना तमनार बताया। पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों की जानकारी देकर विधिवत तलाशी ली गई, जिसमें प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कुल 36 पत्ते कैप्सूल में से 6 पत्ते उसके स्वयं के हैं, जबकि 30 पत्ते सुनील बेहरा निवासी ग्राम लिबरा के हैं। सुनील बेहरा द्वारा लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम राजपुर निवासी विकास यादव के फोनपे खाते में 6000 रुपए भेजकर कैप्सूल मंगाए गए थे, जिन्हें विकास यादव द्वारा उपलब्ध कराए जाने के बाद बिक्री के लिए परिवहन किया जा रहा था।

### कांग्रेस ने हिंदुओं को बताया भगवा आतंकवादः अरूणधर

**रायगढ़।** भाजपा को हिंदू विरोधी बताए जाने पर जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने अब कांग्रेस को आड़े हाथों लेते पटलवार करते हुए कहा आतंकी संगठनों को बचाने के लिए यूपीए सरकार ने हिंदुओं को आतंकी निरूपित करने भगवा आतंकवाद की साजिश रखी और हिंदूवादी संगठनों से जुड़े नेताओं साधु संतों को जेल में डाल दिया। आरएसएस संगठन को बदनाम करने का कुचक्र रचा। यूपीए सरकार के नेतृत्व में 2004 से 2014 तक का कालखंड हर दूसरे महीने में बम धमाकों का गवाह रहा और इन दस सालों में इन आतंकी हमलों में आठ हजार से ज्यादा नागरिक इन हमलों में मारे गए। वाराणसी में संकट मोचन मंदिर पर हमला हो या मालेगांव धमाके में बम धमाका हो या समझौता एक्सप्रेस में ब्लास्ट का मामला हो यूपीए सरकार के दौरान इन आधा दर्जन हमलों में कट्टरपंथी संगठनों के नाम आए।अरुण धर दीवान ने कहा इन आतंकी संगठनों पर कार्रवाई करना कांग्रेस की यूपीए सरकार के लिए किसी पीड़ा से कम नहीं था। सरकार को लगता था कि ऐसे कदम से भारत में बैठे पाक प्रेमी खास वोट बैंक नाराज हो जायेगा। यूपीए सरकार ने इस सब हमलों का जिम्मेदार हिंदुओं को बताने के लिए भगवा आतंकवाद का झूठा नेरेटीव स्थापित कर भारतीय राजनीति का सबसे घिनौना अध्याय लिखा । हिंदुओं को निशाना बनाकर सबसे पुरानी सभ्यता सर्वे भवंतु सुखिनः के सिद्धांत को मिटाने की शुरुआत की गई।

### राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुई टीसा

**सरिया।** सरिया के ग्राम बोंदा निवासी राम प्रसाद साहू कि पुत्री कुमारी टीसा साहू का सम्मान राजधानी रायपुर में राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुआ। मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में सरिया के ग्राम बोंदा निवासी राम प्रसाद साहू की सुपुत्री टीसा साहू ने कक्षा 12वीं में मेधावी छात्रा के रूप में आठवां स्थान प्राप्त करने पर बसंत पंचमी के अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में प्रशस्ति पत्रए व डेढ लाख की सम्मान राशि भेंट किया गया। कुमारी टीसा साहू स्वामी दयानंद सरस्वती विद्यापीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोंदा की छात्रा थी। साल 2024 एवं 2025 के टॉपर कुमारी टीसा को प्रशस्ति पत्र एवं डेढ़ लाख रुपए की सम्मान राशि से सम्मानित किया गया।

## बीते साल खरीदी का आंकड़ा छूने 61 हजार 413 एमटी करनी होगी खरीदी

# 52 हजार किसानों से 12 हजार 770 हेक्टेयर रकबा समर्पण कराने में अधिकारी सफल

**अब 26 हजार 449 हेक्टेयर रकबा में खरीदी के लिए है बाकी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में इस बार 52 हजार 71 किसानों ने 12 हजार 770 हेक्टेयर रकबा समपर्ण कर दिया है। यह जिले के अधिकारियों की उपलब्धि है। कारण इस बार किसानों से जबरिया रकबा समर्पण कराया गया है। हर सेंटर के नोडल अधिकारी को रकबा समर्पण का टारगेट दिया गया था। उसमें अधिकांश सफल रहे। दूसरी ओर खरीदी के लिए केवल एक सप्ताह का समय बाकी है, इसमें भी तीन दिन सरकारी छुट्टी है। याने अब धान खरीदी होने की उम्मीद नहीं है।

अब तक के आंकड़ों पर गौर करें तो 4 लाख 47 हजार 384 एमटी धान खरीदी हुई है। बीते साल 5 लाख 8 हजार 797 एमटी खरीदी हुई थी। याने अभी बीते साल का आंकड़ा छूने में 61413 एमटी पीछे हैं। प्रशासन का टारगेट था इस साल करीब 15 लाख क्विंटल धान कम खरीदी करने का। इसमें तो सफल नहीं हो सके, लेकिन रकबा समर्पण कराने में सफलता जरुर मिली है। रकबा समर्पण का आंकड़ा देखा जाए तो अब खरीदी के लिए केवल 24 हजार 449 हेक्टेयर ही बाकी है। तय समय तक इस रकबे में खरीदी नहीं होगी। कारण टोकन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। ऐसे में अब धान खरीदी होने की कोई गारंटी नहीं है। अब तक 69 फीसदी रकबे की धान खरीदी हो चुकी है।

### 69 हजार किसानों ने बेचा धान

जिले में अब तक 69 हजार 256 किसानों ने धान बिक्री कर लिया है। याने अब 14 हजार 275 किसान ही धान बिक्री के लिए बाकी है। बीते सालों के आंकड़ों पर गौर करें तो हर साल 10 से 15 हजार किसान पंजीयन कराने के बाद बिक्री के लिए पहुंचते ही नहीं है। ऐसे में माना जा रहा है कि जो किसान बाकी हें उनमें एक दो हजार ही धान बिक्री करेंगे। सारंगढ़ जिले में भी 69 हजार 794 किसानों ने 1580.5678 हेक्टेयर रकबा समर्पित किया है। यहां किसानों की संख्या तो ज्यादा है, लेकिन रकबा का आंकड़ा काफी कम है।

### ऐसे हुई खरीदी

खरीदी – 447384.56 एमटी, बिक्री करने वाले किसान – 69256, रकबा समर्पण करने वाले किसान – 52071, समर्पण रकबा - 12770.8414 हेक्टेयर, बिक्री के लिए बाकी रकबा – 39220.557 हेक्टेयर

## कोतवाली थाना के रिश्वतखोर हेड कांस्टेबल को एसपी ने किया सस्पेंड

**व्यापारी से मांगे थे 50 हजार, 20 हजार लेने के बाद भी दे रहे थे धमकी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सिटी कोतवाली थाना में पदस्थ हेड कांस्टेबल लोमश राजपूत पर एक व्यापारी से रिश्वत लेने और झूठे केस में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगा है। इससे परेशान होकर पीड़ित ने मामले की शिकायत बिलासपुर आईजी से की। इसके बाद एसपी दिव्यांग पटेल ने उक्त हेड कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया है।

जानकारी के अनुसार कोतरा रोड क्षेत्र में रहने वाला एक व्यापारी छोटा होटल चलाता है। उसने दो अन्य व्यवसायियों के साथ मिलकर एक फेरी वाले से 100 पैकेट राजश्री गुटखा खरीदा था। इसके बाद सिटी कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक लोमश राजपूत ने तीनों व्यवसायियों को थाने बुलाया। उन पर चोरी का गुटखा खरीदने का आरोप लगाया और मामले में फंसाने की धमकी दी गई।

केस से बचाने के नाम पर प्रधान आरक्षक ने 50 हजार रुपए की मांग की। डर के कारण होटल संचालक ने 20 हजार रुपए नकद दे दिए। इसके बाद भी प्रधान आरक्षक ने 5 हजार रुपए और मांगते हुए दबाव बनाना शुरू कर दिया। इससे परेशान होकर पीड़ित व्यवसायी ने पूरे मामले की लिखित शिकायत बिलासपुर आईजी से की।

### मिलेगा जीवन निर्वाह भत्ता

पीड़ित ने अपनी शिकायत में हेड कांस्टेबल लोमश राजपूत के खिलाफ जांच और कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उसने वसूले गए रुपए वापस दिलाने की भी गुहार लगाई। मामले की जांच के बाद एसपी दिव्यांग पटेल ने हेड कांस्टेबल लोमश राजपूत को निलंबित कर रक्षित केंद्र में लाइन अटैच कर दिया है। निलंबन अवधि में उक्त हेड कांस्टेबल को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

## पुलिस ने की डीजल चोर गिरोह पर कार्रवाई, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



साइबर सेल और छाल पुलिस की संयुक्त टीम ने डीजल चोरी करने वाले संगठित गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी कर एकत्रित किया गया करीब 2000 लीटर डीजल व एक छोटा डीजल टैंकर जब्त किया है। आरोपी चोरी के डीजल को टैंकर में भरकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश कर रहे थे।

छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत हाइवे पर खड़ी भारी वाहनों से डीजल चोरी की शिकायतें मिली थी। जिन्हें गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल और छाल पुलिस को विशेष कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में 22 जनवरी को पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम हाटी-धरमजयगढ़ मुख्य मार्ग पर ढोडीखार के पास कुछ लोगों द्वारा ज्वलनशील पदार्थ डीजल की अवैध बिक्री के लिए ग्राहक तलाश करने की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। मौके से तीन लोगों को रंगे हाथों पकड़ा गया, जो छोटा डीजल टैंकर में डीजल बेचने की तैयारी में थे। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम विजय कुमार साव, रवि कुमार साव दोनों निवासी ग्राम सिथरा व टैंकर चालक ने रजिंत कुमार साव निवासी भिलाई पावर हाउस थाना पावर हाउस जिला दुर्ग बताया। वाहन की जांच पर करीब 2000 लीटर डीजल बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग दो लाख रुपए है।जांच में सामने आया कि आरोपी छाल, हाटी, धरमजयगढ़ मार्ग पर पेट्रोल पंपों एवं ढाबों के आसपास खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करते थे और मुख्य मार्ग से आने-जाने वाले वाहनों से बाजार मूल्य से कम दाम पर डीजल खरीदकर अलग-अलग रास्तों में ग्राहकों को सस्ते दामों पर बेचते थे।

## दोस्त की जान बचाने खूद की जान लगा दी दांव पर, अब मिलेगा वीरता पुरस्कार



**रायगढ़।** जिले के दो होनहार बालक मास्टर राकेश मिंज एवं आर्यन खेस ने अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए एक मासूम की जान बचाकर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। दोनों बच्चों का नाम राज्य वीरता पुरस्कार के लिए प्रस्तावित किया गया था, जिसे शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। अब दोनों वीर बालकों को 26 जनवरी को राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राज्य वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। दोनों को 25 हजार के साथ प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया जाएगा। 24 सितंबर 2025 को एक 05 वर्षीय बालक दादू मिंज पानी में डूब रहा था। समय रहते राकेश और आर्यन ने साहस दिखाते हुए उसे पानी से बाहर निकाला। बालक के पेट में पानी भर जाने के कारण उसकी हालत गंभीर थी, लेकिन दोनों ने सूझबूझ से पेट दबाकर पानी निकाला और उसकी जान बचाई।

## दो स्कूटी की मामूली टक्कर में महिला ने मेकाहारा की गार्ड को सरेराह पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शनिवार की सुबह रायगढ़ स्टेडियम के पास उस वक्त हड़कंप मच गया, जब दो स्कूटी की मामूली सी टक्कर में एक महिला ने मेडिकल कॉलेज रायगढ़ की सिक्यूरिटी गार्ड को सरेराह बाल खींच कर उसकी पिटाई कर दी। इस दौरान युवती रोती रही, लेकिन लोग उस महिला को रोक नहीं पाए और माजरा देखते रहे। इस दौरान मुख्य मार्ग में जाम लग गया। चक्रधर नगर पुलिस ने इस मामले में काउंटर अपराध दर्ज किया है। बबीता उरांव बंगलापारा चक्रधर नगर में रहती है और मेडिकल कालेज रायगढ में सिक्यूरिटी गार्ड का काम करती है। उसने अपनी रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार को वह अपनी स्कूटी से विनोबानगर जाने के लिए निकली थी। सुबह करीब 11.30 बजे जैसे ही वह रायगढ़ स्टेडियम के पास पहुंची थी उसी समय पीछे से आ रही स्कूटी सवार महिला रानी घोष (35) निवासी मोदीनगर ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए दाहिने तरफ से इसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे बबीता लड़खड़ा गई, जबकि रानी स्कूटी सहित गिर गई। इसके बाद रानी उठी और बबीता का बाल पकड़ कर गाली-गलौज करते हुए उसके साथ जमकर मारपीट की। जिससे उसके चेहरे और पीठ में चोट लगा है। इस घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने महिला रानी घोष को रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन वह नहीं मानी। जिससे कुछ लोगों ने पूरे घटना का वीडियो बना लिया और अब उक्त वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

युवती की रिपोर्ट पर महिला के खिलाफ मारपीट व महिला की रिपोर्ट पर युवती के खिलाफ एक्सीडेंट का अपराध दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

**गेंदलाल साहू,** थाना प्रभारी, चक्रधर नगर

## 17 महाविद्यालय के प्राचार्यों को नोटिस

**रायगढ़।** कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। ऐसे सभी कार्यालय एवं शैक्षणिक संस्थान, जहां 10 या उससे अधिक अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं, वहाँ आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। इसके बावजूद जिले के 17 महाविद्यालयों में समिति का गठन नहीं किए जाने पर संबंधित प्राचार्यों को नोटिस जारी किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर द्वारा प्रकरणों की समीक्षा के पश्चात सभी प्राचार्यों को 03 दिवस के भीतर आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न रोकने के लिए प्रत्येक कार्यालय जहां 10 या 10 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैंए वहां पर आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है। समिति का गठन नहीं करने या असफल रहने पर अधिनियम की धारा 26 के अंतर्गत 50 हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान है। इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में पारित आदेश पिटिशन क्रमांक 1244/2017 के निर्देश 13 दिसंबर 2024 तथा छग महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रत्येक संस्थान में जहां 10 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं।

# संदिग्ध दही-पनीर जिस डेयरी से पकड़ा गया उसी को सौंप दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पिकअप वाहन में रायपुर से रायगढ़ खपने आ रहे संदिग्ध दही के डिब्बों में दूसरे ब्रांड के स्टीकर बदलने के मामले में दूसरे दिन फूड एंड सेफ्टी अफसर नींद से जागे। चक्रधर नगर पुलिस द्वारा मामले को स्वास्थ्य विभाग के सुपुर्द करने पर शुक्रवार को जांच टीम केलो विहार स्थित कस्तुरी डेयरी पहुंची। उक्त डेयरी भाजपा नेत्री उमा डनसेना के घर में संचालित होती है। यहां टीम द्वारा दही और पनीर का सैंपल तो लिया गया, लेकिन माल को जब्त करने के बजाय डेयरी को सौंप दिया गया, जिससे कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं।

बीते गुरुवार की शाम कयाघाट पुल के उपर केलो विहार मार्ग में एक पिकअप वाहन में लोड 5 लीटर वाले दही के डिब्बों में स्टीकर बदलने का काम चालक और उसके साथी द्वारा किया जा रहा था। नंदनम कंपन के स्टीकर को निकाल कर उसमें वैद्यय फूड कंपनी का स्टीकर लगाया जा रहा था, जिसमें ना तो मेनुफैक्चरिंग डेट, बैच नंबर, एक्सपायरी डेट व कस्टमर केयर नंबर नहीं था। सूचना मिलते ही मिलावट की आशंका पर हरिभूमि की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान पता चला कि रायपुर के तेलीबांधा से सामान रायगढ़ आ रहा था। चालक व उसके साथी द्वारा गोलमोल जवाब देने पर सीएमएचओ व चक्रधर नगर पुलिस को मामले की सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद भी फूड एंड सेफ्टी अफसरों की टीम नहीं पहुंची, लेकिन थाने की पुलिस ने संदिग्ध सामानों के साथ चालक व उसके साथी को हिरासत में लिया। इसके बाद रात में ही मामले को स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया गया। दूसरे दिन फूड एंड सेफ्टी अफसर सरिता पटेल, शांतनु भट्टाचार्य सहित अन्य लोगों की टीम केलो विहार स्थित कस्तुरी डेयरी पहुंची। उक्त डेयरी भाजपा नेत्री उमा डनसेना का है। टीम द्वारा घंटों बंद कमरे के भीतर जांच अभियान चलाया गया, इस दौरान मीडियाकर्मियों को भी अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। अधिकारियों की फटकार के बाद मीडियाकर्मियों को प्रवेश तो मिल गया, लेकिन अधिकारी उनके सवालों पर गोलमोल जवाब देते नजर आए।

दही के डिब्बो में ब्रांडिंग बदलने और दही व पनीर नकली होने की शिकायत मिली थी, जिस पर इन खाद्य पदार्थो का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सरिता पटेल**
फूड एंड सेफ्टी अफसर




## खबर संक्षेप

### कॉलेज में मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक करने प्रतियोगिता



**रायगढ़।** लोकतांत्रिक सहभागिता को सशक्त बनाने तथा उन्हें मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी व्यापक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शासकीय महाविद्यालय, धरमजयगढ़ में मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मतदान के महत्वए लोकतांत्रिक अधिकारों एवं जिम्मेदारियों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं कुसमुरा कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग सहित विविध रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार मतदान के लिए प्रेरित किया गया। जिले के नवीन शासकीय महाविद्यालय चपले में स्वीप प्रभारी राजेश कुमार लहरे के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### घरघोड़ा की बेटी ने रचा इतिहास राजभवन में सीएम करेंगे सम्मानित

**घरघोड़ा।** पीएमश्री सेजेस घरघोड़ा की होनहार, प्रतिभाशाली और परिश्रमी छात्रा कुमारी खुशी पटेल ने छत्तीसगढ़ हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 में 585 अंक 97.5 प्रतिशत प्राप्त कर प्रदेश की टॉप 10 मेरिट सूची में 9वां स्थान हासिल कर लिया है। इस असाधारण शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए कुमारी खुशी पटेल को राजभवन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री के करकमलों से सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित होना किसी भी विद्यार्थी के लिए सपना होता है, जिसे खुशी पटेल ने अपने कठोर परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास से साकार कर दिखाया है। कुमारी खुशी पटेल पिता कन्हाई लाल पटेल एवं माता श्रीमती गीता पटेल शिक्षक के संस्कार, शिक्षा के प्रति समर्पण और निरंतर मार्गदर्शन का जीवंत उदाहरण है। बेटी की इस ऐतिहासिक सफलता से पूरा परिवार गौरवान्वित है, वहीं विद्यालय परिसर में भी हर्षए उत्साह और गर्व का माहौल व्याप्त है। पीएमश्री सेजेस घरघोड़ा के प्राचार्य संजय पंडा ने इस उपलब्धि पर खुशी पटेल को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उसकी निरंतर मेहनत, आत्मअनुशासन और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है।



### अवैध वसूली की शिकायत, विभाग ने किया अन्य सेक्टर में तबादला

**सरसीवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग की भटगांव परियोजना अंतर्गत धोबनी सेक्टर में लंबे समय से चल रही गड़बड़ी विभागीय कार्रवाई के दायरे में आई है। गर्म भोजन योजना के नाम पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से प्रति माह 200-200 की अवैध वसूली के आरोपों में घिरी महिला पर्यवेक्षक सुरतिया खरे को विवादित सेक्टर से हटा दिया गया है। मामला तब उजागर हुआ जब धोबनी गांव के रोहित कुमार साहू ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, सारंगढ़ को लिखित शिकायत किया था। शिकायत में कहा गया कि सेक्टर के प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र से नियमित रूप से पैसों की मांग की जाती थी और जो कार्यकर्ता देने से इंकार करती थीं तो उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। कार्य में बाधाएं डाली जातीं और डराने-धमकाने के हथकंडे अपनाए जाते थे। हालात को संभालने के लिए विभाग ने त्वरित जांच प्रारंभ की और 21 जनवरी को भटगांव परियोजना अधिकारी विजय प्रभात सरल द्वारा आदेश जारी कर गड़बड़ी करने वाली पर्यवेक्षक को धोबनी सेक्टर से हटाकर सलौनीकला सेक्टर में पदस्थ कर दिया गया।

### श्रिजा रॉयल स्कूल में ग्रान्ड पैरेंट्स दिवस धूमधाम से मनाया गया

**कोसीर।** पहली बार कोसीर स्कूल में दादा दादी दिवस मनाया गया जिसमे अंचल के पैरेंट्स पालको की दादा दादी भारी संख्या मे उपस्थित हुए जहां कार्यक्रम मे स्कूल परिवार के तरफ से सभी का चन्दन टीका लगाकर शाल श्रीफल भेट कर आत्मीय ढंग से भव्य स्वागत किया गया वही कार्य क्रम के शुभारंभ मा सरस्वती की चैल चित्र में माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि माननीय सारंगढ विधायक प्रतिनिधि गनपत जागडे के पिता लक्ष्मण जागडे के हाथो से पूजा कर शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि सहित समस्त पैरेंट्स का चंदन टीका लगाकर शाल श्रीफल से स्वागत किया गया उसके पश्चात स्कूल के छात्र-छात्राओ के दारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। जिसे देखकर लोगो ने खुशी व्यक्त किया।

### नाबालिग बालिका को पुलिस ने परिजनों को सुरक्षित सौंपा

**सुंदरगढ़।** तलसरा थाना अंतर्गत दर्ज आधार पर पुलिस ने एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित रूप से बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की तत्परता और सजग जांच के परिणामस्वरूप बरामद की गई नाबालिग बालिका को सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद उसके परिवारजनों को सुरक्षित रूप से सौंप दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना से संबंधित प्राप्त जानकारी के आधार पर जांच को तेज किया गया था। नाबालिग की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने हर पहलू से जांच की। बरामदगी के बाद उसकी सेहत और सुरक्षा को लेकर आवश्यक कदम उठाए गए। इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## विधायक ने किया 1 करोड़ के 8 कार्यों का भूमिपूजन

# राज्य सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्र के विकास को सुदृढ़ करना: भगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विधानसभा क्षेत्र की विधायक रायमुनी भगत ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत कवई में विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन कर ग्रामीण विकास को नई दिशा प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता गांवों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना है, ताकि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

विधायक रायमुनी भगत ने ग्राम पंचायत कवई में सड़क, पुलिया, तटबंध, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन एवं व्यवसायिक परिसर सहित कुल आठ महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का भूमिपूजनकिया । इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, जलभराव एवं बरसात के मौसम में होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी तथा प्रशासनिकऔर सामाजिक सेवाओं को मजबूती प्राप्त होगी।



### जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की सहभागिता

भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कवई की सरपंच सुमित्रा भगत, उप सरपंच राजेश भगत, वार्ड क्रमांक 04 की पंच कु. पुष्पलता सिंह, मंडल अध्यक्ष सन्ना आनंद यादव, महामंत्री नसरूल्लाह सिद्दीकी , मंडल अध्यक्ष पंडरा पाठ देवलाल भगत, वरिष्ठ कार्यकर्ता खखलू राम , हरिशंकर यादव पंडरा पाठ , काजल राय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि क्षेत्र का संतुलित और समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी इसी प्रकार गांव-गांव तक विकास कार्यों को पहुंचाया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने ग्रामीणों से विकास कार्यों में सहयोग करने तथा शासकीय योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की। यह भूमिपूजन कार्यक्रम शुक्रवार, 23 जनवरी 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय मनोज भगत, गुडडू, शक्ति केंद्र प्रभारी कवई एवं भूतपूर्व महामंत्री सन्ना मंडल तथा समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।

### 1 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत से होंगे निर्माण कार्य

भूमिपूजन के अंतर्गत ग्राम कवई मुख्य मार्ग से अंबाडीपा तक सी.सी. रोड (गौरव पथ) निर्माण कार्य 15 लाख 56 हजार रु., बाजार डांड कवई में व्यवसायिक परिसर निर्माण कार्य (समग्र) 15 लाख, कवई–बुरजूकोना मार्ग पर आर.सी.सी. पुलिया निर्माण कार्य (नवीनीकरण) 15 लाख, इब नदी करम दह कवई में तटबंध निर्माण कार्य (नवीनीकरण) 15 लाख, डूमरगांझार कवई में आर.सी.सी. पुलिया निर्माण कार्य (पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण) 10 लाख, ग्राम पंचायत कवई में पंचायत भवन निर्माण कार्य (नरेगा/अन्य मद) 19 लाख 50 हजार, बोखाताला कवई में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य (नरेगा) 11 लाख 69 हजार रु.तथा कवई मुख्य मार्ग से महादेव अखरा तुरी बस्ती तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (नरेगा) 12 लाख रु.की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन सभी कार्यों पर कुल 1 करोड़ 13 लाख 75 हजार रुपये की लागत आएगी।

## बसंत पंचमी पर पूजन-अर्चन के बजाए दे दी छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

■ सरसींवा क्षेत्र में निजी विद्यालय के मनमाने निर्णय पर सवाल

सरसींवा क्षेत्र के अधिकांश शासकीय एवं गैर शासकीय विद्यालयों में बसंत पंचमी का पर्व इसी भावना के अनुरूप श्रद्धा, अनुशासन और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसरों में सरस्वती पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कविता.पाठ, संगीत एवं विद्यार्थियों की सहभागिता के माध्यम से शिक्षा और संस्कृति के मूल्यों को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया गया, लेकिन इसी बीच सरसींवा से समीपस्थ पेंड्रावन में संचालित हैप्पी पब्लिक स्कूल का निर्णय क्षेत्र में गंभीर चर्चा और असंतोष का कारण बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त निजी विद्यालय ने बसंत पंचमी के दिन सरस्वती पूजन अथवा किसी भी शैक्षणिक सांस्कृतिक आयोजन के बजाय विद्यालय में अवकाश घोषित कर दिया। बसंत पंचमी के दिन राज्य शासन द्वारा किसी भी प्रकार का शासकीय या ऐच्छिक अवकाश घोषित नहीं है। इसके बावजूद निजी विद्यालय द्वारा अवकाश दे दिया गया। स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों का कहना है कि इस विद्यालय में क्षेत्र के लगभग 500 से अधिक बच्चे अध्ययनरत हैं। ऐसे में विद्या की देवी के पूजन के इस पावन अवसर पर बच्चों को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने के बजाय अवकाश देना, शिक्षा के व्यापक उद्देश्य को सीमित करने जैसा है।

### जांच करवाता हूं

बसंत पंचमी के दिन किसी प्रकार के शासकीय अथवा ऐच्छिक अवकाश की कोई जानकारी नहीं है। यदि किसी विद्यालय द्वारा सरस्वती पूजन जैसे पावन पर्व पर स्वेच्छा से या जबरन अवकाश दिया गया है, तो यह गंभीर विषय है। इस संबंध में तत्काल समन्वयक को मौके भेजकर जांच करवाता हूँ।

**सत्यनारायण साहू,** बीईओ बिलाईगढ़।

## क्षेत्र में लंबे समय से चल रहा डीजल का अवैध कारोबार

**कुड़ेकेला।** छाल धरमजयगढ़ मुख्य मार्ग पर छाल थाना क्षेत्र के कई स्थानों में बड़े पैमाने पर पेट्रोल और डीजल की खरीद बिक्री की जा रही है। जिसे लेकर वाहन मालिकों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नही डीजल पेट्रोल टैंकरों से भी बड़े सफाई के साथ डीजल पेट्रोल की कटिंग कर रहे हैं। इस अवैध धंधे पर अंकुश लगाने को लेकर मीडिया में कई बार समाचार प्रकाशन कर चुकी है किंतु छाल पुलिस इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। अंत में जिला पुलिस को बड़ा कदम उठाना पड़ा। साइबर के टीम ने बीती रात छाल थाना क्षेत्र में आकर दो हजार लीटर डीजल मयवाहन पर बड़ी कार्रवाई की है। हैरानी वाली बात यह है कि यह अवैध अड्डा छाल थाना क्षेत्र व धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के बीच मे लम्बे समय से छाल थाना क्षेत्र में फल फूल रहा था। जोकि महज थाना से बीस किलोमीटर की दूरी पर मुख्य मार्ग के किनारे झोपड़ी बना अधूरे बने मकान के पीछे हरे पर्दे के आड़ में गाड़ियों से डीजल पेट्रोल की कटिंग का काम बेखौफ होकर किया जा रहा था। बात करें पुलिस पेट्रोलिंग की तो पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी कई बार आती-जाती थीं, लेकिन उनकी ओर से कभी कोई रोक- टोक नहीं की गई। यह अवैध कारोबार ऐसे खुले स्थान पर हो रहा था, जिस पर आने-जाने वाले किसी भी व्यक्ति की नजर आसानी से चली जाती थी। जिला पुलिस के इस छापेमारी ने न केवल छाल क्षेत्र के हाटी में चल रहे अवैध तेल कारोबार को उजागर किया है, बल्कि स्थानीय पुलिस की भूमिका और संलिप्तता पर भी गंभीर सवाल खड़ी कर दी है।



## एनएसएस शिविर बेलटिकरी में हास्य कवि सम्मेलन



**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय, बिलाईगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम बेलटिकरी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस 22 जनवरी को हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हास्य व्यंग्य के माध्यम से देर रात तक श्रोताओं को ठहाकों से सराबोर किया गया, वहीं शिक्षा, नशा मुक्ति एवं महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर प्रभावी संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रारंभिक संचालन शिविर नायक ब्यास नारायण महिलांगे ने किया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा स्वागत नृत्य एवं पारंपरिक सुवा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गईए जिसने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। हास्य कवि सम्मेलन का सफल संचालन सुप्रसिद्ध हास्य कवि बंशीधर मिश्रा अकलतरा ने किया, जबकि कार्यक्रम का संयोजन हास्य व्यंग्यकार विनोद विनम्र बिलाईगढ़ द्वारा किया गया। सम्मेलन में कवि कृष्णसेन भारती, हितेन्द्र अंचल, दाता दिवाना लोकनाथ मधुर एवं पूर्णिमा चौधरी पिंकी ने हास्य, श्रृंगार रस एवं भक्ति भाव से ओतप्रोत रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियों की सशक्त प्रस्तुतियों पर बार-बार तालियों की गूंज सुनाई दी और पूरा पंडाल ठहाकों से गूंज उठा।

## संवरने लगा घरघोड़ा नगर का सबसे पुराना मुक्तिधाम स्मृति वाटिका



**रायगढ़।** घरघोड़ा नगर में सबसे पुराने मुक्तिधाम स्मृतिवाटिका की दशा नगरवासियों के द्वारा अपने पूर्वजो की स्मृति में दिए आपसी सहयोग से संवरने लगा है। नगरवासियों ने अपने पुर्वजों की याद में स्मृति वाटिका को व्यस्थित करने कोई कोर कसर नही छोड़ा है। मुक्तिधाम के स्वरूप ऐसा बनाया गया है वहा एक वाल उधान स्थापित हो गया है जहां लोग अब सैर को भी जाते है। घरघोड़ा प्रवास पर पहुंचे संभाग आयुक्त बिलासपुर सुनील जैन ने स्मृति वाटिका में चंदन व फलदार अमरूद का पौधा रोपण किया। इसके अलावा उनके द्वारा घरघोड़ा वासियों की इस अनुकरणीय पहल की सरहाना करते हुये शुभकामनाएं दी। दरअसल घरघोड़ा में पूर्व में अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम आने जाने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता थाए गंदगी मल मूत्र से यह स्थल एक समय तक भरा रहता था। इसकी दुर्दशा को देखकर घरघोड़ा नगरवासियो द्वारा अपने पूर्वजो की स्मृति में किए जनसहयोग से इसे व्यवस्थित करने का निर्णय लिया और इसे संवारने की दिशा में कदम बढ़ाए। यही वजह रहा कि यह अंतिम पड़ाव की दिशा ही बदल गई। लोगो ने यहां श्रम दान तक किए। इसके अलावा हरियाली लाने बड़ी संख्या में विभिन्न आयोजन में फलदार छाया दार के सैकड़ो पौधे लगाए।

## पालक सम्मेलन में शिक्षा गुणात्मक सुधार पर हुई चर्चा



**घरघोड़ा।** विद्यालय में विद्यार्थियों को लेकर शिक्षा का वातावरण बनाने के दृष्टिकोण से पालक छात्र, शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों द्वारा बैठक आयोजित की गई। जिसमें अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की जानकारी छात्राओं एवं उनके पालकों को दी गई। जाति आय निवास आधार सिडिंग, केवाय सीकराने पाठ्यक्रम पूर्णता संबंधित चर्चा पर शिक्षकों द्वारा पाठ्यक्रम पूर्ण कर पुनः पाठ्यक्रम को पुनरावृत्ति किए जाने पर पालकों एवं शाला प्रबंधन समिति द्वारा विद्यालय के प्रति हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर गौ विज्ञान परीक्षा मे शामिल छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को उपहार प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। जिससे छात्राओं के मध्य उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ द्यबैठक मे पालकों की उपस्थिति उत्साहजनक रही। प्रधानपाठक अखिलेश कुमार मिश्रा ने छात्रवृति आय जाति प्रमाणपत्र से संवंधित जानकारी पालकों को देते हुए यथा समय में कार्य करने पर जोर दिया।

## धूमधाम से मनाया गया गायत्री शक्तिपीठ का वार्षिक उत्सव



**सरिया।** बसंत पंचमी के अवसर पर नगर के गायत्री शक्तिपीठ में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पुण्य के भागी बने। नगर के गायत्री शक्तिपीठ में आज 24 वें वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। यहां दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ तथा 23 जनवरी बसंत पंचमी के दिन गायत्री शक्तिपीठ सरिया में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान पाच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में विधि विधान से पूजन कर गायत्रीए महामृत्युंजय आदि देवी देवताओं की सैकड़ो आहुतियां से संपूर्ण वातावरण दिव्य वेद मंत्रों से अलौकिक रूप से गुंज उठा। वार्षिक उत्सव के दौरान गायत्री महायज्ञ में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या श्रद्धालु पहुंचे और हवन कुंड में आहुति डालकर सुख शांति की कामना की। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि मंडल के कर कमलो से गायत्री शक्तिपीठ सरिया का वार्षिक उत्सव उल्हास के साथ मनाया गया।

## धान खरीदी को लेकर सड़क पर उतरे पुसौर सोसाइटी के किसान



**पुसौर।** धान खरीदी कार्य में इस वर्ष ऐसे मनमानी किया जा रहा है जिससे उन्हें कभी सड़क में उतरना पड़ रहा है तो कभी दफ्तर दफ्तरों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। खास कर के वो किसान है जिनका पहुंच सरकारी तंत्र में नहीं है, इसमें बड़े किसान भी है जिन्हें 3 से अधिक बार टोकन कटाना पड़ता है। किसानों के मुताबिक पुसौर सोसाइटी में ऐसा फरमान जारी हो गया कि जिसमें ज्यादातर किसानों के 30 प्रतिशत रकबे की भूमि के धान को नहीं बेच पाए जिसके लिए उन्हें सड़क में उतरना पड़ा। सोसायटी के सामने ही यह प्रदर्शन होने ओड़िशा सा एनटीपीसी की ओर जाने वाले सभी यात्री को रुकना पड़ा। इसके बाद तहसील के नायब तहसीलदर एवं पुलिस टीम हरकत में आई। मौके पर ये टीम पहुंच कर किसानों को सोसाइटी ले जाकर प्रबंधक राजकुमार पटेल से बात कराए जहां उन्होंने कटे हुए टोकन के धान लिए जाने की बात कही। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लल्लू सिंह पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रोहित पटेल पूर्व नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत किसान नेता राम कुमार पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे ।

## कालेज तक बनेगी चमचमाती सड़क, वित्त मंत्री ने दी स्वीकृति



**पुसौर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल से पुसौर में कॉलेज तक चकाचक सड़क बनेगा। पुसौर में बन रहे लायब्रेरी, विशाल पानी टंकियां, नाली, सौदर्यीकरण इनके विजन को दर्शा रहा है और इसमें अब बोरोडीपा से कालेज तक का रोड जुड़ चुका है। ज्ञात हो कि पूर्व के भाजपा शासन में कालेज की स्थापना हुई थी जो शासकीय हायर सेकेण्डरी मे संचालित थी। इसके लिये भवन एवं राशि आदि की स्वीकृति भी इसी शासन काल में हुई थी। कालेज भवन बनने के बाद यहां तक पहुंच मार्ग बिल्कुल ही खराब है जबकि इस रोड के किनारे छात्रावास और लायब्रेरी है और इस रोड से होते हुए जेडीएस कालोनी के लोग भी जाते हैं। मंत्री ओपी चैधरी ने लगभग 2 किमी के रोड 4 करोड रुपए की लागत से रोड बनाने की स्वीकृति प्रदान की है जिसका भूमि पूजन सहित अन्य सभी औपचारिकता भी पूरी हो गई है।

## आयोजन परीक्षा पे चर्चा 2026 के अंतर्गत किया गया

# पराक्रम दिवस पर अन्तर्विद्यालयीन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पीएम केंद्रीय विद्यालय, जशपुर में परीक्षा पे चर्चा 2026 के अंतर्गत 'पराक्रम दिवस'के उपलक्ष्य में 'ऑपरेशन सिंदूर विषय पर एक भव्य अंतरविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पीएम स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय जशपुर, सैजेस जशपुर, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर, प्रयास रेजिडेंशियल स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गम्हरिया तथा पीएम केंद्रीय विद्यालय जशपुर सहित कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### प्रश्नोत्तरी का विषय रहा ऑपरेशन सिंदूर




### प्रतियोगिता में इन छात्रों ने पाई विजय


मिडिल स्टेज वर्ग में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से पीएम केंद्रीय विद्यालय जशपुर के कक्षा 6-ब के अनंत नारायण सिंह एवं पीएम स्कूल जेएनवी जशपुर के कक्षा 6-ए के अक्षत यादव ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान पीएम स्कूल जेएनवी जशपुर के कक्षा 7-ए के कार्तिक साहू को मिला। वहीं सेकेंडरी स्टेज वर्ग में प्रथम पुरस्कार सैजेस जशपुर की कक्षा 11-ए की तनु कुमारी ने जीता तथा द्वितीय पुरस्कार संयुक्त रूप से सैजेस जशपुर की कक्षा 11-ए की मान्यता भगत एवं शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 12-ए के गोविंद हलदार को प्रदान किया गया।

### स्मृति चीन स्वरूप भेट की गई पुस्तकें

सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न स्वरूप पुस्तकें भेंट की गईं तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम स्थल की प्रधानाचार्या नरेंद्र कुमार के द्वारा किया गया, जिससे छात्रों में देशभक्ति एवं ज्ञान के प्रति उत्साह का संचार हुआ।

## सेक्टर 5 से ब्राउन शुगर के साथ पेडलर गिरफ्तार

**राउरकेला।** शहर के सेक्टर.07 थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर के साथ एक युवक पेडलर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 22 जनवरी दिन के समय गश्ती ड्यूटी के दौरान की गई। पुलिस के अनुसार एस आई आरके प्रधान एवं उनकी टीम ने सेक्टर.05 स्थित ट्रेनीज़ हॉस्टल रोड के पास एक संदिग्ध युवक को रोका। उसकी पहचान जगदीश पंडा उर्फ गुड्डू 20 वर्ष पिता प्रसांत पंडा, निवासी हाउस नंबर सी टी,5, ऑटो कॉलोनी, सेक्टर.03, राउरकेला जिला सुंदरगढ़ के रूप में हुई। वह लाल.काले रंग की बुलेट मोटरसाइकिल नंबर ऑडी 14 एए.4741 पर सवार था। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से सप्लाई के लिए रखे गए ब्राउन शुगर यानी ड्रग्स मिला। एनडीपीएस एक्ट की सभी औपचारिकताओं का पालन करते हुएए कार्यपालक दंडाधिकारी, गवाहों एवं वजनकर्मी की उपस्थिति में ब्राउन शुगर नेट वजन 6.62 ग्राम जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 62.000 बताई गई है। इसके अलावा एक हल्के हरे रंग का पोको सी.75 मोबाइल फोनए उक्त बुलेट मोटरसाइकिलए तथा विभिन्न मूल्यवर्गों में 750 नकद भी जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी को 22 जनवरी की रात 10.30 बजे गिरफ्तार किया और उसे शुक्रवार सुबह न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया।



# धुरंधर की तरह खाड़ी देशों में बैन हो सकती है बार्डर- 2

**मुंबई।** बॉर्डर 2 इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो शुक्रवार, 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह फिल्म जे.पी. दत्ता की 1997 की ब्लॉकबस्टर 'बॉर्डर' का अगला पार्ट है, जो इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है और शुरुआती बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से यह बात साबित भी हो जाती है। हालांकि, सनी देओल की इस फिल्म से भारत में अच्छी शुरुआत की उम्मीद है, लेकिन खबरों के मुताबिक यह यूएई सहित खाड़ी देशों के सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी। 'बॉर्डर 2' को बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में अभी तक रिलीज की इजाजत नहीं मिली है।

## लाइफ Style

# मृणाल

## एक्शन फिल्म डकैत की शूटिंग खत्म

एजेंसी ▶▶ मुंबई

डकैत साल 2026 की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल है। अब अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। मृणाल ठाकुर इस वक्त व्यस्त अभिनेत्रियों में से एक हैं। मृणाल बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की फिल्मों में सक्रिय हैं।

अब अभिनेत्री जल्द ही आदिवि शेष के साथ फिल्म डकैत में नजर आएंगी। टीजर जारी होने के बाद से फैंस इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं। अब अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। इसकी जानकारी मेकर्स की ओर से दी गई है। फिल्म की प्रोडक्शन टीम की ओर से मृणाल ठाकुर के शूटिंग पूरी करने की जानकारी दी गई। इसको लेकर मेकर्स की ओर से एक्स पर एक पोस्ट किया गया। इस पोस्ट में मृणाल की आदिवि शेष और फिल्म की बाकी टीम के साथ तस्वीरें साझा की गईं। इसके साथ ही कैप्शन में लिखा गया, 'मृणाल ठाकुर ने अपनी आगामी ड्रामा फिल्म डकैत की शूटिंग पूरी कर ली गई है। बेहद रोमांचक शेड्यूल के बाद फिल्म की शूटिंग पूरी हुई। डकैत के 19 मार्च को हिंदी और तेलुगु में भव्य वर्ल्डवाइड रिलीज के लिए पूरी तैयारी चल रही है।' इस एक्शन-ड्रामा फिल्म का निर्देशन शेनिल देव ने किया है। फिल्म का टीजर सामने आने के बाद फैंस ने इसे काफी पसंद किया था। टीजर के बाद फिल्म की कहानी को लेकर फैंस और भी उत्सुक हो गए हैं। खासकर अनुराग कश्यप के किरदार को लेकर। अनुराग फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे।



## हॉलीवुड मसाला



# बड़े से छोटे पर्दे तक पर जमाई धाक

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में जन्मे केविन माइकल कॉस्टनर हॉलीवुड के उन अभिनेताओं में गिने जाते हैं, जिन्होंने स्टारडम को शोर-शराबे के बजाय काम की गंभीरता से हासिल किया। वे अभिनेता, निर्देशक और निर्माता- तीनों रूपों में सफल रहे हैं और चार दशकों से अधिक समय से अमेरिकी सिनेमा का अहम चेहरा बने हुए हैं। टीवी सीरीज 'येलोस्टोन' में जॉन डटन की भूमिका ने उन्हें नई पीढ़ी के दर्शकों से जोड़ा और साबित किया कि उम्र अभिनय की गहराई को और मजबूत बनाती है।



# प्रियंका के गाने पर डोसा खाकर बनाई रील...

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा का गाना साजन-साजन-साजन काफी ट्रेंड में है। अब इस पर निक जोनस ने एक रील बनाई है जिस पर उनकी खूब तारीफ की जा रही है। लोग उन्हें फेवरिट जीजू लिख रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा के पति अपनी क्यूट हरकतों की वजह से अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। अब उन्होंने इंस्टाग्राम का एक ट्रेंड पकड़कर ऐसा वीडियो बनाया है जिस पर उनको खूब प्यार मिल रहा है। इस वीडियो में निक डोसा खाते दिख रहे हैं। साथ में प्रियंका का एक गाना बज रहा है। निक एकदम मस्त मूड में दिख रहे हैं उनका वीडियो देखकर किसी के भी चेहरे पर स्माइल आ जाएगी। इस क्लिप के कमेंट सेक्शन में निक को खूब प्यार मिल रहा है।



# नयनतारा ने की मर्दानी-3 के ट्रेलर की तारीफ


**मुंबई।** रानी मुखर्जी अपनी अपकमिंग फिल्म 'मर्दानी 3' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। इसे दर्शकों ने खूब पसंद किया है। फिल्म के ट्रेलर को साउथ की मशहूर एक्ट्रेस नयनतारा ने देखा है और इसकी तारीफ की है। उन्होंने इसका ट्रेलर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर भी शेयर किया है। 'मर्दानी 3' के ट्रेलर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए नयनतारा ने लिखा 'सिर्फ एक ही रानी है, वह है रानी मुखर्जी। यह ट्रेलर वाकई आग लगाने वाला है। आपकी तरह कोई नहीं है। मैं इस फिल्म का इंतजार कर रही हूं।' इसके साथ उन्होंने दिल और फायर वाला इमोजी बनाया है। फिल्म 'मर्दानी 3' रानी मुखर्जी की मशहूर फिल्म सीरीज 'मर्दानी' का तीसरा पार्ट है। इस फिल्म में रानी एक निडर पुलिस ऑफिसर शिवानी शिवाजी रॉय के रोल में वापस आ रही हैं।




# डरावने अंदाज में दिखे जावेद...

**मुंबई।** फिल्म तुम्बाड़ फेम डायरेक्टर की नई फिल्म मायासभा का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इसमें कॉमेडी में रंग जमाने वाले जावेद जाफरी बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का ट्रेलर उनके फैंस को हैरान करता है। बुधवार को फिल्म 'मायासभा'का ट्रेलर सामने आया। यह ट्रेलर 'तुम्बाड़' की तरह की फैंस को हैरान करता है। जानिए, क्या खास है इस फिल्म के ट्रेलर में? बुधवार को तुम्बाड़ जैसी हॉरर-थ्रिलर बनाने वाले डायरेक्ट राही अनिल बर्वे की नई फिल्म मायासभा का ट्रेलर रिलीज हुआ। यह भी थ्रिलर, हॉरर से भरी है। ट्रेलर में जावेद जाफरी का अंदाज हैरान करता है। अब तक अपनी कॉमेडी से हंसाने वाले जावेद जाफरी महासभा में काफी डरावने लग रहे हैं। उनका किरदार नेगेटिव है। यह फिल्म 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## टीवी मसाला



# स्वरागिनी से मिली पॉपुलैरिटी 2016 में आया था सीरियल

**मुंबई।** टीवी की मशहूर एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश मनोरंजन जगत में काफी समय से काम कर रही हैं। मंगलवार को तेजस्वी ने पुराने दिनों को याद किया। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में तेजस्वी अपने पुराने सीरियल के किरदार में नजर आ रही हैं। कुछ फोटोज में वे अपने उस समय के लुक में दिख रही हैं, तो कुछ में वे अपने दोस्तों और साथी कलाकारों के साथ नजर आ रही हैं। वहीं, कुछ तस्वीरें फोटोशूट की हैं, जहां वे स्टाइलिश और ट्रेंडी कपड़ों में पोज दे रही हैं। ये तस्वीरें उनके सफर की शुरुआत को दर्शाती हैं, जब वे टीवी स्क्रीन पर पहली बार दर्शकों के सामने आई थीं। तस्वीरें शेयर कर तेजस्वी ने लिखा, '2016 मेरा दिल है और हमेशा ऐसा ही रहेगा।' फैंस उनकी तस्वीरों को देखते ही ढेर सारे लाइक और कमेंट्स कर रहे हैं। वहीं, कई यूजर्स तरह तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। उन्होंने टीवी शो '2612' से डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने रश्मि भार्गव का किरदार निभाया था, लेकिन उन्हें असली पहचान कलर्स टीवी के शो 'स्वरागिनी' 'में रागिनी के किरदार से मिली थी। इसके बाद 2018 में वे 'कर्ण संगिनी'और 'सिलसिला बदलते रिश्तों'का में भी नजर आईं। तेजस्वी प्रकाश 2017 में सोनी टीवी के टीवी सीरियल 'पहरेदार पिया की'में दीया सिंह के तौर पर मुख्य भूमिका में नजर आई थीं, लेकिन बाल विवाह केंद्रित कहानी होने के कारण प्रसारण के कुछ दिन बाद ही सीरियल विवादों में घिर गया था।

## 'ये रिश्ता' से मिला था खूब पैसा : हिना



**नई दिल्ली।** टीवी की टैलेंटेड एक्ट्रेस हिना खान ने अपने करियर और कमाई को लेकर हाल ही में एक बड़ा खुलासा किया है। हिना इंडस्ट्री में अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। 1 ही शो से उन्होंने जो सफलता हासिल की है, वो किसी के लिए भी आसान नहीं। अब हिना ने कहा है कि उन्हें सबसे ज्यादा पैसा अपने पहले टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से मिला. इस शो से उन्हें सिर्फ पहचान नहीं पैसा भी खूब मिला था। हिना खान बताया कि 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'उनके कॅरियर का सबसे बड़ा शो रहा है, हर लिहाज से, इस शो से उन्हें खूब पैसा भी मिला है। करीब 8 साल तक वह इस शो में काम करती रही हैं। मेरे पास आज जो कुछ भी है, जितनी भी संपत्ति है, वो मुझे इस शो के जरिए ही मिली है। इसके बाद भी मैंने कई शोज में काम किया, लेकिन इस शो से जो सफलता और कमाई मिली वैसा कहीं नहीं रहा। हिना की ईमानदार से रखी गई इस बात ने फैंस का दिल जीत लिया है। सोशल मीडिया पर लोग उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं।

# भारतीय सैनिकों के साहस पर बनी हैं ये फिल्में







**नई दिल्ली।** 23 जनवरी को बॉर्डर 2 रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से पहले ही इसको लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ लीड रोल में हैं। अब बॉर्डर 2 की रिलीज से पहले आपको बताते हैं इससे पहले रिलीज हुई वो फिल्में जिसमें भारतीय सैनिकों के जबरदस्त साहस को दिखाया गया है।

**बॉर्डर** : बॉर्डर 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान लोंगेवाला की ऐतिहासिक लड़ाई पर आधारित है जिसमें लगभग 120 भारतीय सैनिकों ने एक रात पूरी पाकिस्तानी टैंक रेजिमेंट का बहादुरी से सामना किया था। यह फिल्म 1997 में रिलीज हुई थी और उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मूवी थी।

**शेरशाह** : सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म शेरशाह को काफी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। इस फिल्म में कैप्टन विक्रम बत्रा की स्टोरी को दिखाया है जिन्होंने कारगिल वॉर में लड़ाई लड़ी। फिल्म में दिखाया गया कि कैसे देश के लिए वह शहीद भी हो जाते हैं।

**उरी द सर्जिकल स्ट्राइक** : विकी कौशल की फिल्म उरी द सर्जिकल स्ट्राइक भी ब्लॉकबस्टर थी। इस फिल्म के लिए विकी को बेस्ट एक्टर के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला था।

**द गाजी अटैक** : 1971 वॉर के रियल इवेंट्स पर आधारित द गाजी अटैक भी काफी पसंद की गई थी। इस फिल्म में के के मेनन और राणा दग्गुबाती लीड रोल में थे।

**फाइटर** : सिद्धार्थ आनंद की फिल्म फाइटर, इंडियन एयरफोर्स पर आधारित है। फिल्म में एयरफोर्स और एयरपायलट को लेकर काफी बारीकी से डिटेल में दिखाया है। फिल्म में ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर अहम किरदार में थे।

**केसरी** : फिल्म केसरी की कहानी 1897 के सारागढ़ी के युद्ध पर आधारित है, जिसमें अक्षय कुमार ने हवलदार ईशर सिंह का किरदार निभाया है। यह फिल्म ब्रिटिश भारतीय सेना के 21 सिख सैनिकों की वीरता को दर्शाती है।

# पंचायत सीजन 5 : फुलेरा में फिर होगा चुनावी दंगल



**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा की सबसे शानदार वेब सीरीज के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें पंचायत का नाम जरूर शामिल होता। साल 2020 में ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो की तरफ से पंचायत नाम का मनोरंजन का एक महा पैकेज सिनेप्रेमियों को मिला और अब तक इसके चार सीजन आ चुके हैं, जोकि सभी सफल रहे हैं। लंबे समय से फैंस पंचायत सीजन 5 की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो पंचायत 5 को मेकर्स जुलाई 2026 में ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर ऑनलाइन स्ट्रीम कर सकते हैं। हालांकि, अभी इसका आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। इससे पहले खबरें आई थीं कि पंचायत सीजन 5 को जुलाई नहीं, बल्कि जून के आखिरी वीक में स्ट्रीम किया जा सकता है। मालूम हो कि मेकर्स ने पिछले साल ये पुष्टि कर दी थी कि पंचायत 5 की शूटिंग का आधे से ज्यादा काम सीजन 4 के साथ ही पूरा कर लिया गया था और अब इस सीरीज के नए सीजन के पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। माना जा रहा है कि आने वाले महीने में पंचायत 5 की ऑफिशियल रिलीज डेट भी फाइनल कर दी जाएगी। आपको याद दिला दें कि पंचायत 4 की कहानी बनराकस की पत्नी क्रांति देवी द्वारा फुलेरा प्रधान का चुनाव जीतने पर खत्म हुई थी।

## रवि की मासूमियत और बाबू की खूंखार आंखें आज भी कर देता है रोंगटे खड़े

# वो फिल्म जिसमें हीरो भी थे अमिताभ और खूंखार विलेन भी

*बॉलीवुड के 'एंग्री यंग मैन' अमिताभ बच्चन की जादुई अदाकारी और सात भाइयों की बेमिसाल बॉन्डिंग वाली फिल्म 'सत्ते पे सत्ता' अपनी रिलीज के 44 साल पूरी कर ली। 1982 को पर्दे पर उतरी राज एन सिप्पी की इस मास्टरपीस ने न केवल बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया, बल्कि यह साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में भी शुमार हुई. 'रवि' की मासूमियत और 'बाबू' की खूंखार आंखों के बीच अमिताभ का वो दोहरा अवतार आज भी रोंगटे खड़े कर देता है।*

**नई दिल्ली।** आरडी बर्मन का संगीत और 'दिलबर मेरे' जैसे गाने आज भी गुनगुनाए जाते हैं। मारधाड़, कॉमेडी और पारिवारिक इमोशन्स के सटीक मिश्रण वाली इस फिल्म ने उस दौर में जबरदस्त कमाई की थी। 'सत्ते पे सत्ता' बॉलीवुड के उस स्वर्ण युग की याद दिलाती है, जब बड़े सितारों के साथ-साथ मजबूत स्क्रिप्ट और सामूहिक स्टारकास्ट दर्शकों को थिएटर तक खींच लाती थी। यह साल 1982 की आठवीं सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। इस फिल्म से अमिताभ बच्चन ने सबके होश उड़ा दिए थे।

### सात भाइयों के इर्द-गिर्द घूमती है कहानी

'सत्ते पे सत्ता' की कहानी सात भाइयों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक फार्महाउस पर रहते हैं। ये सातों भाई-रवि (अमिताभ बच्चन), सोम, मंगल, बुद्ध, गुरु, शुक्र और शनि पूरी तरह से असभ्य, गंदे और अनुशासनहीन हैं। घर का सबसे बड़ा भाई रवि उनका मुखिया है। कहानी में मोड़ तब आता है जब रवि को एक नर्स इंदु (हेमा मालिनी) से प्यार हो जाता है। इंदु से शादी करने के बाद, वह उन छह जंगली भाइयों को सुधारने का बीड़ा उठाती है। फिल्म का दूसरा हिस्सा थ्रिलर बन जाता है, जब फिल्म में रवि के हमशक्ल बाबू की एंट्री होती है। बाबू एक खूंखार हत्यारा है, जिसे एक अमीर लड़की की हत्या के लिए भेजा गया है। एक तरफ कॉमेडी और दूसरी तरफ सस्पेंस- यही इस फिल्म की जान थी।

### बिग बी ने अभिनय क्षमता का लोहा मनवाया

इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने अपनी अभिनय क्षमता का लोहा मनवाया। जहां 'रवि' के किरदार में वे एक लापरवाह लेकिन दिलदार बड़े भाई और रोमांटिक प्रेमी के रूप में नजर आए, वहीं 'बाबू' के किरदार में उनकी आंखों की ठंडक और खामोशी ने दर्शकों को डरा दिया। रवि की मासूमियत और बाबू की क्रूरता के बीच का अंतर अमिताभ ने अपनी बॉडी लैंग्वेज और आवाज से बखूबी निभाया। खासकर जब बाबू, रवि की जगह लेकर घर में घुसता है, तो दर्शकों के लिए वह रोमांच चरम पर होता है।



### हेमा ने निभाया सशक्त महिला का किरदार

हेमा मालिनी ने 'इंदु' के रूप में एक सशक्त महिला का किरदार निभाया। वह सात अनपढ़ और बदतमीज लड़कों के बीच एक 'मदर फिगर' बनकर उभरती हैं। उनकी सादगी और उनका अभिनय अमिताभ के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलता है। फिल्म का वह दृश्य आज भी याद किया जाता है जहां वे भाइयों को सफाई और तमीज सिखाती हैं।

**सात भाइयों की केमिस्ट्री थी फिल्म की ताकत** : फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इन सात भाइयों की केमिस्ट्री थी। शक्ति कपूर, पेंटल, सुधीर, कंवलजीत सिंह, विकास आनंद और सचिन पिलगांवकर, इन सभी ने अपने-अपने किरदारों में जान फूंक दी थी। पर्दे पर उनकी बॉन्डिंग देखकर ऐसा लगता ही नहीं था कि वे एक्टिंग कर रहे हैं। भाइयों के बीच की नोकझोंक, एक-दूसरे के लिए प्यार और इंदु के आने के बाद उनका बदलना, फिल्म को एक इमोशनल टच देता है।

**'सेवन ब्राइड्स फॉर सेवन ब्रदर्स' से थी प्रेरित** : यह फिल्म 1954 की हॉलीवुड क्लासिक 'सेवन ब्राइड्स फॉर सेवन ब्रदर्स' से प्रेरित थी। लेकिन राज एन सिप्पी ने इसमें 'डबल रोल' और 'क्राइम थ्रिलर' का जो तड़का लगाया, उसने इसे पूरी तरह से भारतीय बना दिया। जहां हॉलीवुड फिल्म केवल एक म्यूजिकल कॉमेडी थी, वहीं 'सत्ते पे सत्ता' एक कंपलीट पैकेज बन गई।

## खबर संक्षेप



### डीईओ ने किया शिक्षक संघ के कैलेंडर का विमोचन

**कटेली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के वर्ष 2026 के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन जिला शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा नरेश चौहान, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रेशम लाल कोसले, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुर्रे, भूतपूर्व बीआरसी शोभाराम पटेल के हाथों से संयुक्त रूप से किया गया। अधिकारी गणों द्वारा संयुक्त शिक्षक संघ के कार्यशैली की मुक्त कण्ठ से सराहना की गई। साथ ही किसी भी प्रकार के विभागीय समस्याओं के यथाशीघ्र निदान हेतु आश्वस्त किया गया।

### आश्रम में 31 हितग्राहियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**रायगढ़।** जिले में वृद्धजनों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में विशेष पहल की जा रही है। इसी क्रम में डे केयर सेंटर, सियान गुड़ी जतन केंद्र परिसर रायगढ़ एवं आशा निकेतन वृद्ध आश्रम, कौहाकुंडा रायगढ़ में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक शिवशंकर पाण्डेय ने बताया कि मार्गदर्शन में शिविर में कुल 31 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें से 10 हितग्राहियों को मोतियाबिंद सर्जरी हेतु चिन्हांकित किया गया। आशा निकेतन वृद्ध आश्रम से 22 मरीज तथा डे केयर सेंटर सियान गुड़ी जतन केंद्र से 9 मरीज शिविर में शामिल हुए।

### 26 को उल्लास मेला का होगा आयोजन

**रायगढ़।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को छत्तीसगढ़ राज्य के प्रत्येक ग्राम में उल्लास मेला आयोजित किया जाएगा। उल्लास कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के उन वयस्कों को सशक्त बनाना है, जिन्होंने औपचारिक स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं की है। वर्ष 2023 से प्रारंभ इस महत्वाकांक्षी अभियान के अंतर्गत अब तक लगभग 10 लाख नवसाक्षर साक्षर हो चुके हैं, जिन्हें एनआईओएस के माध्यम से प्रमाण.पत्र भी प्रदान किए गए हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित उल्लास मेले में बुनियादी साक्षरता, संख्या ज्ञान, डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य साक्षरता एवं जीवन कौशल से जुड़े विविध स्टॉल लगाए जाएंगे।

### डीएमएफ से होगा कन्या हाई स्कूल का भवन

**रायगढ़।** नगर पंचायत लैलूंगा में शासकीय कन्या हाई स्कूल के लिए नवीन भवन निर्माण के लिए डीएमएफ मद से 77 लाख 32 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय से विद्यालय की अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी तथा छात्राओं को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

---

### जांच में हुआ खुलासा, सीसीएफ को भेजी गई रिपोर्ट

# गोमर्डा में मनरेगा से हुआ काम, मजदूरों के बजाय दूसरे के खाते में जमा की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

सारंगढ़ वन मंडल अंतर्गत गोमर्डा वन्यजीव अभ्यारण्य में वन विभाग द्वारा मनरेगा से कराए गए सैकड़ों मजदूरों के खाते में राशि जमा करने के बजाए दूसरे खाते में जमा कर दी गई है। इसका खुलासा तब हुआ जब इसकी शिकायत हुई। जांच में को भुगतान नहीं हुआ है। जांच में 1 करोड़ 5 लाख 18 ह जार 326 रुपए मजदूरों के खातों में जमा ही नहीं हुई। जांच में एक बात और सामने आई है जिसमें मजदूरों के नाम पर जारी की गई राशि में 32 फीसदी कमीशन लेने की। जांच रिपोर्ट सीसीएफ को भेजी गई है। जांच प्रतिवेदन में रेंजर सुरेन्द्र कुमार अजय और प्रभारी रेंजर राजू सिदार को इस पूरे प्रकरण में संयुक्त रूप से दोषी पाया गया है। मजदूरों की राशि को अन्य खातों में ट्रांसफर कराया और भुगतान को फर्जी तरीके से दर्शाया। जांच रिपोर्ट के अनुसार फरवरी 2024 माह के लिए गोमर्डा अभ्यारण्य क्षेत्र में कराए गए कार्यों की मजदूरी के नाम पर 1 करोड़ 8 लाख 61 हजार 746 रुपए का भुगतान दर्शाया गया लेकिन जब बैंक खातों, भुगतान रजिस्टर और मजदूर सूची का मिलान किया गया तो चौंकाने वाली सच सामने आई। यानी कागजों में भुगतान पूरा, लेकिन जमीनी स्तर पर मजदूरों को एक रुपया भी नसीब नहीं हुआ। जांच पूरी होने के बाद 23 दिसंबर को विस्तृत जांच प्रतिवेदन तैयार किया गया, जिसे 26 दिसंबर को मुख्य वन संरक्षक सीसीएफ बिलासपुर को भेज दिया गया है। प्रतिवेदन में साफ उल्लेख किया गया है कि भुगतान में गंभीर वित्तीय अनियमितता हुई है और नियमों की खुली अनदेखी की गई है।



#### एसडीओ वन अनिता गुप्ता को सौंपी गई जांच

एसडीओ वन अनिता गुप्ता को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। उनके नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की गई, जिसने पूरे प्रकरण की जांच की। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि मजदूरी की राशि को मजदूरों के खातों में सीधे डालने के बजाय अन्य खातों में ट्रांसफर किया गया, जो वित्तीय नियमों का खुला उल्लंघन और सीधा भ्रष्टाचार है।

---



## रायगढ़-धरमजयगढ़ मुख्य मार्ग में धूल के गुबार से राहगीर हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

रायगढ़ से धरमजयगढ़ को जोड़ने वाला मुख्य और अति व्यस्त बायपास मार्ग खुद बदहाली की तस्वीर बन चुका है। घाँसी पेट्रोल पंप के ठीक बगल में फ्लाई ऐश की खुलेआम और अवैध डंपिंग की जा रही हैए जिससे पूरा इलाका राख और धूल के बादल में डूब गया है। हालात इतने खतरनाक हैं कि यह मार्ग अब विकास का रास्ता नहीं, बल्कि दुर्घटनाओं का गलियारा बनता जा रहा है।

भारी डंपर जब फ्लाई ऐश गिराते हैं, उसी वक्त सड़क पर धूल का ऐसा गुबार उठता है कि सामने चल रहा वाहन तक दिखाई नहीं देता। हवा चलने पर यह राख कई सौ मीटर तक फैल जाती है। दोपहिया वाहन चालकों, पैदल राहगीरों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए यहां से गुजरना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। आंखों में जलन सांस लेने में दिक्कत, खांसी और एलर्जी की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। सबसे गंभीर और चौंकाने वाली बात यह है कि यह अवैध डंपिंग घाँसी पेट्रोल पंप जैसे अति संवेदनशील स्थल के बिल्कुल पास हो रही है। जहां एक ओर ज्वलनशील ईंधन का भंडारण हैए वहीं दूसरी ओर उड़ती राख और भारी वाहनों की आवाजाही किसी बड़े हादसे को खुला न्योता दे रही है। इसके बावजूद न तो पुलिसए न परिवहन विभाग और न ही पर्यावरण से जुड़े अधिकारी मौके पर नजर आ रहे हैं।

#### नियमों का पालन नहीं

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह सब प्रशासनिक संरक्षण में चल रहा अवैध खेल है। नियमों के अनुसार फ्लाई ऐश को ढंककर, निर्धारित स्थल पर और नियंत्रित तरीके से परिवहन किया जाना चाहिए, लेकिन यहां हर नियम को रौंदा जा रहा है। लोगों में भारी रोष है और साफ शब्दों में चेतावनी दी जा रही है कि यदि तत्काल सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो सड़क पर उतरकर विरोध किया जाएगा। लोगों की मांग है कि घाँसी पेट्रोल पंप के पास हो रही फ्लाईऐश डंपिंग तुरंत बंद कराई जाए।

---

## गुरुकुल के विद्यार्थियों का गुडू गांव में सांस्कृतिक साक्षात्कार

**रायगढ़।** श्री स्वामीनारायण गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 6 के विद्यार्थियों ने 22 जनवरी को गुडू गाँव की एक ज्ञानवर्धक एवं सांस्कृतिक शैक्षिक यात्रा की। यह भ्रमण विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. बी नागराजा नायक एवं प्रबंधक विकास गुप्ता के मार्गदर्शन में तथा शिक्षिकाएँ सुश्री रंजिनी एमके एवं बाबाजी प्रधान के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। गुरुकुल टीम के गांव पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने पारंपरिक भारतीय संस्कृति के अनुरूप अतिथि देवो भवः की भावना से विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया। ग्रामीणों के प्रेम, स्नेह और सहयोग से विद्यार्थियों को घर जैसा वातावरण प्राप्त हुआए जिसने इस यात्रा को और भी स्मरणीय बना दिया।



इस भ्रमण का मुख्य आकर्षण संबलपुरी कपटा साड़ी की बुनाई कला का प्रत्यक्ष अनुभव रहा। विद्यार्थियों को कारीगरों द्वारा बुनाई की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। उन्होंने जाना कि किस प्रकार साधारण धागे से एक सुंदर और कलात्मक साड़ी का निर्माण होता है। इस दौरान विद्यार्थियों ने धागे के चयन, रेहटोल और असारी के उपयोग, फुयी द्वारा रंगाई प्रक्रियाए बुनाई एवं थानसरा की संरचना तथा फुल डूबी द्वारा जटिल बॉर्डर डिज़ाइन जैसी पारंपरिक तकनीकों को निकट से देखा और समझा। युवा पीढ़ी की इस जिज्ञासा और रुचि को देखकर ग्रामीण अत्यंत प्रसन्न हुए। उन्होंने बताया कि यह पहली बार था जब किसी शैक्षणिक संस्था ने उनकी प्राचीन कला और परंपरा को जानने एवं सराहने का प्रयास किया। ग्रामीणों का आतिथ्यए सरलता और ज्ञान साझा करने की भावना विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रही।

### 29 से 31 तक रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला

**रायगढ़।** राज्य के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा आगामी 29, 30 एवं 31 जनवरी को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सेजबहार, रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों द्वारा अधिसूचित लगभग 15 हजार रिक्त पदों पर अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।

---

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर मनाया गया उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ अवसर पर सरिया में भी 108 सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन कर उत्सव के रूप में मनाया गया। 22 जनवरी शाम 5 बजे नगर के जगन्नाथ मंदिर परिसर पर रामलला के उत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। तुलसी रामायण समिति सरिया के द्वारा इस वर्ष भी रामलला के उत्सव के अवसर पर 108 सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया। अयोध्या में मंदिर की स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ की खुशी पर भगवान श्री राम के प्रति श्रद्धा व्यक्त किया गया एवं यहाँ विशेष पूजा और महा आरती की गई। क्योंकि यह ऐतिहासिक दिन 2024 में था और अब 2026 में इसकी दूसरी सालगिरह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जगन्नाथ मंदिर परिसर पर उत्सव का माहौल था और सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जो भक्ति और श्रद्धा का प्रतीक के रूप में था। इस मौके पर रामायण समिति ने नगर के धर्म परायण लोगों का शाल श्रीफल एवं फूल माला पहनाकर सम्मान किया। श्री तुलसी रामायण समिति के अध्यक्ष गणेश अग्रवाल ने बताया कि आने वाले 19 मार्च से सरिया में नवधा रामायण भी प्रारंभ होगा। इसकी तैयारी प्रारंभ हो गई है। उन्होंने बताया कि अयोध्या राम मंदिर निर्माण में सरिया अंचल से भी बड़ी संख्या में राम भक्तों ने आर्थिक सहयोग प्रदान कर अयोध्या भेजा था। साथ ही साथ यहां के रामायण समिति के द्वारा अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर कार यात्रा में भी शामिल हुए थे। इस तरह से सरिया राम भक्तु का गढ है। और यहां तुलसी रामायण समिति सरिया के द्वारा प्रतिवर्ष 108 सुंदरकांड पाठ का आयोजन होता है और 108 वां पाठ जगन्नाथ मंदिर में संपन्न होता है, जो लोगों की आस्था का केंद्र है।

---

## फ्लैग-डे पर लहराया तिरंगा, गर्व के साथ याद किया गया देश की आजादी का संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि हर भारतीय को गर्व और सम्मान के साथ तिरंगा फहराने का अधिकार दिलाने की लड़ाई, या कहें कि तिरंगे की आजादी का कानूनी संघर्ष रायगढ़ की इस पुण्यधरा से ही शुरू हुआ था।

आज देश का कोई भी नागरिक गर्व के क्षण में पूरी आजादी से तिरंगा फहरा सकता है, इसमें कहीं न कहीं रायगढ़ की इस धरती और जिंदल स्टील के चेयरमैन नवीन जिंदल का भी योगदान शामिल है। उक्त उद्गार जिंदल स्टील लिमिटेड के कार्यपालन निदेशक सब्यसाची बंद्योपाध्याय ने व्यक्त किए। वे फ्लैग डे के अवसर पर संयंत्र में आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। 23 जनवरी, 2004 को सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले से हर भारतीय नागरिक को सम्मान और मर्यादा के साथ तिरंगा फहराने का मौलिक अधिकार हासिल हुआ। देश के नागरिकों को यह अधिकार दिलाने के लिए जिंदल स्टील के चेयरमैन नवीन जिंदल ने एक दशक से भी अधिक समय तक कानूनी संघर्ष किया। इस ऐतिहासिक दिन को और भी यादगार बनाने के लिए हर साल 23 जनवरी को फ्लैग डे के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष फ्लैग डे के अवसर पर आयोजित अनेक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मुख्य समारोह जिंदल सेंटर, रायगढ़ के परिसर में आयोजित किया गया। इसमें सबसे पहले मुख्य अतिथि सब्यसाची बंद्योपाध्याय ने तिरंगा फहराया। फिर राष्ट्रगान के बाद सुरक्षाकर्मियों और डॉग स्क्वाड ने मार्चपास्ट किया।



---

## छोटे किसानों को रजिस्ट्री के नए नियम से परेशानी, राजस्व आय में आ रही कमी

**पुसौर।** जमीन रजिस्ट्री के नए नियम को इतना महंगा, पेचीदा और जटिल बना दिया गया है कि इस समय पुसौर के रजिस्ट्री कार्यालय में सपताह में एक दो ही रजिस्टी हो रही है। जानकारी के मुताविक नगरीय निकाय क्षेत्र के जमीन दर को बढ़ा दिया गया है जिसे रजिस्ट्री शुल्क अधिक हो रहा है और जमीन के छोटे टुकडों की रजिस्ट्री को स्क्वायर फीट के दर से उसका मूल्य निकाला जाता है । जिसमें जितने का जमीन नहीं होता उससे कई गुना रजिस्ट्री शुल्क लग रहा है।

किसानों का कहना है कि कास्तकारी भूमि जो किसी के जमीन से लगा हुआ है और उसे चौहदी बनाने 10 से 20 डिसमिल जमीन तक का लेन देन होता है उसमें भी स्क्वायर फिट के आधार पर मूल्य निकाला जाता है। जिसमें संबंधित जमीन एवं रजिस्ट्री शुल्क लाखों में होता है, जबकि चल रहे बाजार मूल्य के अनुसार एकड़ के भाव में संबंधित जमीन को अपनी सुविधा में खरीदता है। ऐसे में किसानों के लिए रजिस्ट्री के ये नया नियम गले का फांस बन गया है। इस नियम को किसान विरोधी बता रहे हैं। बताया जाता है कि एक किसान दूसरे किसान से अपने जमीन की चौहदी ठीक करने अथवा खलिहान बनाने के लिए 5 से 25 डिसमिल तक जमीन खरीदता है जिसे रजिस्ट्री कार्यालय द्वारा स्वाक्यर फीट के हिसाब से मूल्यांकन किया जाता है जबकि संबंधित भूमि का उपयोग वह खेती से जुडे कार्य के लिये करने वाला होता है। बहरहाल इन असुविधाओं से किसान घिरे हुए हैं। इसमें क्रेता विक्रेता दोनों परेशान है चूंकि छोटे किसान जो थोडी सी जमीन बेच कर अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं उसके भी क्रेता नहीं मिल रहे हैं।

---

## अर्चना नंदे को एमबीबीएस में मिला गोल्ड मैडल



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 1 में निवासरत राजेन्द्र नंदे की सुपुत्री अर्चना नंदे का पिछले तीन वर्ष पहले एमबीबीएस में चयन हुआ और वह जवाहर लाल मेडिकल कालेज रायपुर में अध्ययनरत है। अर्चना नंदे के कुशाग्र बुद्धि ने एमबीबीएस डाक्टर बनने की ललक इतना बढा दिया है कि एमबीबीएस के प्रथम एवं द्वितीय वर्श में जहां अच्छे अंक हासिल किए वहीं तृतीय वर्ष में इन्हें गोल्ड मेडल मिला है। अर्चना नंदे ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से हर वो चिज हासिल हो सकता है जिसका वह चाह रखता है। पुलिस विभाग में सहायक उप निरीक्षक पद से सेवा निवृत्त हुये नवीन नंदे बताते हैं कि अर्चना शुरु से पढाई में लगन रहा है और वह डाक्टर बनने की चाह रखी हुई थी जिसे वह पूरा करने में कडी मेहनत कर रही है जिसका प्रतिफल के रूप में उसे गोल्ड मेडल मिला।

---

### एसआईआर की दी गई जानकारी

## संभाग आयुक्त ने ली राजनीतिक दलों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बिलासपुर संभाग आयुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर सुनील जैन ने आज जिला कलेक्ट्रेट रायगढ़ के सभाकक्ष में विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की बैठक लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण अहर्ता तिथि एक जनवरी 2026 के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की प्रगति की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

संभाग आयुक्त श्री जैन ने बताया कि रायगढ़ जिले में एक लोकसभा एवं चार विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत कुल 1217 मतदान केंद्रों पर विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य नियमानुसार एवं सतत रूप से किया जा रहा है। प्रारंभिक प्रकाशन के अनुसार जिले में कुल 8,33,681 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 4,14,389 पुरुष, 4,18,274 महिला तथा 18 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। संभागायुक्त ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची में मृत्यु, स्थानांतरण, अनुपस्थित एवं अन्य कारणों से संबंधित प्रविष्टियों का शुद्धिकरण कार्य निरंतर जारी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक 18,923 मृत्यु, 39,850 स्थानांतरण, 18,713 अनुपस्थित, 3,175 पूर्व से दर्ज तथा 327 अन्य कारणों से संबंधित प्रविष्टियाँ चिन्हांकित की गई हैं, जिन पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 21 जनवरी तक नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन के लिए कुल 6,283 दावे.आपत्तियाँ प्राप्त हुई हैं, जिनका विधिवत परीक्षण कर निराकरण की प्रक्रिया जारी है। संभागायुक्त ने बताया कि मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर को किया गया था। प्राप्त दावे.आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी तक किया जाएगा जबकि 21 फरवरी को निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।



छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

आप कितने स्वस्थ हैं? जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9109956720
सुयश हॉस्पिटल
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
हवाई मार्ग Ex-लखनऊ (09 दिन) 2,80000/-(+5% GST)
कैलाश मानसरोवर यात्रा
12 मई, 25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त, 08 सितम्बर, 20 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्स्ट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त